दो बच्चों के बाद मातृत्व लाभ कब मिलेगा

जी. के. छिब्बर

मद्रास उच्च न्यायालय की एकल पीठ न्यायमूर्ति आर. विजयकुमार ने सी कोहिला बनाम चीफ सेक्रेटरी सेफ्टी एंड हेल्थ चिन्नई की याचिका में निर्णीत किया है की यदि 2 बच्चे के जन्म पर मातृत्व लाभ की सुविधा नहीं ली है तो तीसरे बच्चे के जन्म पर मातृत्व लाभ अवकाश की सुविधा दी जा सकती है ।

प्रकरण के तथ्यों के अनुसार याचिकाकर्ता स्टाफ नर्स के पद पर संविदा नियुक्ति पर कार्यरत थी तब दो बच्चे के जन्म पर मातृत्व अवकाश की सुविधा नहीं दी गई थी उस अवधि में याचिकाकर्ता का पति से तलाक हो गया और दूसरी शादी कर ली उस समय याचिकाकर्ता नियमित हो गई विवाह उपरांत उसने तीसरे बच्चे को जन्म दिया

याचिकाकर्ता द्वारा अपने तीसरे बच्चे के जन्म पर तीन माह का मातृत्व लाभ 169 अर्जित अवकाश एवम 106 दिवस का बिना वेतन का अवकाश की मांग की परंतु विभाग ने अवकाश आवेदन निरस्त कर दिए और कारण बताया कि 2 बच्चे के जन्म उपरांत मातृत्व लाभ की पात्रता नही है और केंद्रीय सेवा के सर्विस रूल में भी यही प्रावधान है ।

याचिकाकर्ता ने मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर आधार प्रस्तुत किया की उसने पूर्व में 2 बच्चों के जन्म पर मातृत्व लाभ की सुविधा नहीं ली थी इसलिए मातृत्व लाभ अवकाश की सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता।

माननीय उच्च न्यायालय ने निर्णीत किया की याचिकाकर्ता का आधार उचित है जब पूर्व में 2 बच्चे के जन्म में मातृत्व लाभ अवकाश का लाभ नहीं दिया तो उसे मातृत्व लाभ अवकाश सुविधा दिया जाना उचित होगा याचिका स्वीकार कर मातृत्व लाभ अवकाश 12 सप्ताह में दिए हैं के आदेश दिए गए।

रानी कमलापति से प्रयागराज के लिए कुम्भ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है

भोपाल। भोपाल रेल मंडल द्वारा कुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्री भार क्लियर करने हेतु आज को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से दोपहर 14.00 बजे प्लेटफार्म नम्बर 02 से गाड़ी संख्या 01667 कुंभ मेला स्पेशल ट्रैन (अनारक्षित) चलाई जा रही हैं। यह ट्रेन भोपाल, सांची, विदिशा, गुलाबगंज, गंजबासौदा,मंडी बामोरा, बीना होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पंहुचेगी। इसमें 14 शयनयान श्रेणी , 08 सामान्य श्रेणी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।

विकाराबाद-गया- कुंभ मेला विशेष ट्रेन इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07091/07092 विकाराबाद–गया–विकाराबाद कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01–01 ट्रिप चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 07091 विकाराबाद–गया कुंभ मेला विशेष ट्रेन (01 ट्रिप) गाड़ी संख्या 07091 विकाराबाद–गया कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 18 फरवरी 2025 (मंगलवार) को विकाराबाद स्टेशन से दोपहर 15.45 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 08.50 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 09.00 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी।

डॉ. पांडे ने किया डब्ल्यूसीएल के निदेशक कार्मिक का पदभार ग्रहण

भोपाल। डॉ. हेमंत शरद पांडे ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत, उन्होंने डब्ल्यूसीएल के सीएमडी जेपी द्विवेदी से मुलाकात की। श्री द्विवेदी ने उन्हें बधाई तथा भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डब्ल्यूसीएल के निदेशकगण एवं सीवीओ ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

डब्ल्यूसीएल के निदेशक (कार्मिक) का पद संभालने से पूर्व, डॉ. हेमंत शरद पांडे साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के रायगढ़ क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

डॉ. हेमंत शरद पांडे को कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में 35 वर्षों का दीर्घ अनुभव प्राप्त है। उनके अनुभव का डब्ल्यूसीएल को निश्चित ही लाभ मिलेगा।

नव निर्वाचित रोटरी मंडलाध्यक्ष मुकेश साहू का भव्य स्वागत

भोपाल। रोटरी अंतरराष्ट्रीय विश्व के रोटरी क्लबों का संघ है। रोटरी मंडल 3040 यह गुजरात राज्य के पंचमहल तथा मध्यप्रदेश राज्य के जिलों में रोटरी के 102 क्लबों का संगठन है ।

रोटे मुकेश साहू , रोटरी क्लब ऑफ सागर , आगामी रोटरी वर्ष 27-28 के लिये मंडलाध्यक्ष निर्वाचित हुए है ।

इस अवसर रोटे मुकेश साहू एवं रोटे प्रीती साहू, मंडल प्रथम महिला उनका भव्य स्वागत समारोह सैलीब्रेशन रिसोर्ट कोलार रोड में 27 जनवरी, सोमवार को आयोजित किया गया। भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों के रोटरी क्लबों में सीहोर, विदिशा, इटारसी एवं होशंगाबाद, के रोटेरियन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। भोपाल स्थित पुर्व मंडलाध्यक्षों मे रोटे नरेन्द्र जैन, रोटे कर्नल महेंद्र मिश्रा, रोटे धीरण दत्ता एवं रोटे जिनेन्द्र जैन की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचित मंडलाध्यक्ष रोटे मुकेश शाहू ने अपने संबोधन में कहा कि वे भोपाल के द्वारा दिये गये सम्मान के लिये तहे दिल से आभारी है । वे रोटरी के प्रति बढ़ते व्यय को देखते हुए उसमें कमी लाने की कोशिश करेंगे।उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।

महाकौशल स्तर पर उत्कृष्ट निर्माण, इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स सम्मानित होंगे

जबलपुर। इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट जबलपुर सेंटर और जे. के. सीमेंट के संयुक्त तत्वाधान में एंडोमेंट अवार्ड 2024 का आयोजन किया जा रहा है। 30 जनवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में महाकौशल स्तर पर उत्कृष्ट निर्माण सम्मानित होंगे, जिसमें इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग, कमर्शियल बिल्डिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडिविजुअल रेजिडेंस और मल्टी द्वेलिंग रेजिडेंस कैटेगरी में साल 2024 में महाकौशल स्तर पर निर्मित विशेष जूरी सदस्यों द्वारा चयनित उत्कृष्ट स्ट्रक्चर्स व इनसे जुड़े इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स को सम्मानित किया जाएगा। आई.सी.आई. जबलपुर सेंटर द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्था अध्यक्ष डॉ राजीव चांडक ने उक्त जानकारी प्रेषित की। संस्था सचिव डॉ संजय वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, सीमेंट और कंक्रीट के क्षेत्र में एक्सीलेंट कंट्रीब्यूशन हेतु युवा इंजीनियर एवं आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन के लिए महिला इंजीनियर आर्किटेक्ट को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्था उपाध्यक्ष इंजी सुधीर मिश्रा ने बताया कि मुख्य वक्ता के तौर पर बड़ौदा से आ रहे कोंकण रेलवे, मुंबई - अहमदाबाद बुलेट ट्रेन से जुड़े विशेषज्ञ इंजी दीपक अनंत गायकवाड उपस्थित होंगे । कार्यक्रम में जे के सीमेंट के इंडिया हेड शकुन वैद्य सहित पूरे महाकौशल एवं जबलपुर से लगभग 150 इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स के उपस्थित रहने की उम्मीद जताई । प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ मनीष दुबे, इंजी नीरज ब्यौत्रा, इंजी प्रभात श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

अब तक 6 लाख 33 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

भोपाल। राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय एप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 06 लाख 33 हजार 613 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है।

कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 71 हजार 654, बैतूल ग्रामीण में 88 हजार 176, राजगढ़ ग्रामीण में 43 हजार 929, शहर वृत्त भोपाल में 54 हजार 581, भोपाल ग्रामीण में 37 हजार 893, गुना ग्रामीण में 32 हजार 092, विदिशा ग्रामीण में 45 हजार 581, सीहोर ग्रामीण में 23 हजार 720, ग्वालियर ग्रामीण में 20 हजार 995, शहर वृत्त ग्वालियर में 41 हजार 993, अशोकनगर ग्रामीण में 20 हजार 615, दतिया ग्रामीण में 23 हजार 592, रायसेन ग्रामीण में 43 हजार 618, शिवपुरी ग्रामीण में 24 हजार 291, हरदा ग्रामीण में 19 हजार 939, श्योपुर ग्रामीण में 09 हजार 340, मुरैना ग्रामीण में 21 हजार 708 एवं भिण्ड ग्रामीण में 09 हजार 999 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है।

ऑर्किड्स होशंगाबाद कैंपस, भोपाल एक्सक्लूसिव स्टारगेजिंग की मेजबानी करेगा

भोपाल। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल इस सप्ताहांत,1 फरवरी शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक एक विशेष 'स्टारगेजिंग नाइट' के माध्यम से ब्रह्मांड को आपके करीब लाता है, जिसमें जीवन में एक बार होने वाली खगोलीय घटना और शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, नेपच्यून, यूरेनस और बुध के दुर्लभ संरेखण का जश्न मनाया जाएगा। ऑर्किड्स होशंगाबाद कैंपस में विभिन्न प्रकार की खगोल गतिविधियों सहित स्टारगेजिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो सभी छात्रों, परिवारों और खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों को ब्रह्मांड से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में खगोल विज्ञान के प्रमुख अजीत सिंह अपनी प्रत्याशा साझा करते हैं तारों को देखना सिर्फ़ रात के आसमान को देखने के बारे में नहीं है - यह जिज्ञासा जगाने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और ब्रह्मांड के चमत्कारों से जुड़ने के बारे में है।

आवश्यकता

इंदिरा गाँधी बी. एड. महाविधालय बगडोना (सारनी) जिला बैतूल म. प्र.

(बरकतउल्लाह विश्वविधालय से संबंध) कॉलेज कोड-28 के तहत शिक्षा संकाय के पदों पर नियुक्ति हेतू।

क्रं.	पद	संख्या	योग्यता
1.	सहायक प्रध्यापक	06	एम.एड. एवं एम.ए./एम.एस.सी. नेट/स्लेट पी.एच.डी.

नोट:- 1. चयन एवं वेतन, एन.सी.टी.ई. दिल्ली एवं बरकतउल्लाह वि. विद्यालय के नियमानुसार किया जावेगा। उम्मीदवारों को पी.जी. में 55 प्रतिशत होना अनिवार्य हैं। आवेदन 21 दिन में बायोडाटा फोटो सहित महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करें।

प्राचार्य-इंदिरा गांधी बी.एड. महाविद्यालय के बगडोना (सारनी) पोस्ट पाथाखेड़ा 460449, जिला बैतूल-07146-250410, मो. नं. 9425024072

सूडोकु नवताल- 7317

★★★ मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7316 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

काकुरो पहेली - 6996



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

11 / 7: 1 2 3 5 (आड़ी); 1 2 4 (खड़ी)

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 6995 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8384



बाएँ से दाएँ

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग,चुटीली बात-2
10. दुख,कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य,तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम,राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स,हाथ-2
21. होंठ,अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश,विनाश,विध्वंस-3
26. निश्चित -4

ऊपर से नीचे

1. नदी-3
2. संपत्ति,धन-2
3. वंश,खानदान-2
4. उत्पत्ता,परिष्कृतता-4
6. समुद्र,दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर,महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर,फन-2
22. देह,काया-3
23. गलत का विलोम -2
24. निश्चित-2

शब्द पहेली - 8383 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6814



ऊपर से नीचे:-

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इस्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाईं, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-२,२

फिल्म वर्ग पहेली- 6813

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6923

7	6	5		1	3	
	41		32		22	1
4	3	7			2	
	26		34	4	38	6
1	2				6	
	21		36	3	39	7
	1	2			4	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6922 का हल

3	5	7	1	6	2	4
7	37	6	37	2	29	3
2	4	3	7	5	6	1
6	31	1	28	4	32	5
4	6	5	2	1	3	7
1	28	4	27	3	33	2
5	1	2	3	7	4	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7923

श	रा	ज	मी	दा	र	तू	ग	झ	क	कि
सू	ल	दा	ह	रिं	लै	ता	दि	शा	को	रा
वे	पु	वे	मु	दा	ल	सिं	बे	ला	ल	ये
दा	दा	दा	धा	हा	क	प	हा	दा	र	दा
र	श	र	ष	उ	व	री	ग	स	र	र
रं	रि	प	व	दा	त	रे	ती	प	न	ती
गा	ल	ख	अं	र	म	प	दा	ला	व	क
बा	जी	वा	री	क	छ	सौ	न	र	जू	क
स	थो	तें	व	द	ज	दा	बे	दा	र	द
र	ल	प	ति	रं	दा	ऐ	बें	न	रु	थो
कां	टे	दा	र	ग	कु	र	जा	एं	प	क

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे दार शब्द लगा हो. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

जमीदार, सूबेदार, दावेदार, दानेदार, उदार, खरीददार, किरायेदार, कांटेदार, मुहावरेदार, ताबेदार

शब्दजाल - 7922 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore